# राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम

## वाणिज्य विभाग : यूनिट - एच

# डी.ए.वी पी.जी कॉलेज

सम्बन्ध
काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
द्वारा

# एकदिवसीय तथा सप्तदिवसीय विशेष शिविर

## सत्र : 2025-2026

**डॉ . प्रियंका वहल**
कार्यक्रम अधिकारी
यूनिट - एच
डी.ए.वी पी.जी कॉलेज,
वाराणसी

**डॉ .स्वप्ना मीना**
कार्यक्रम समन्वयक
काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी

**डॉ. मिश्री लाल**
प्राचार्य
डी.ए.वी पी.जी कॉलेज,
वाराणसी




**सात दिवसीय एनएसएस शिविर (13 मार्च – 19 मार्च 2026)**
**राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाई – H)**
**कार्यक्रम अधिकारी – डॉ. प्रियंका वहल**
**दिनांक – 13 मार्च 2026, दिन – शुक्रवार**

डीएवी पीजी कॉलेज, वाराणसी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई–H द्वारा सात दिवसीय एनएसएस शिविर के प्रथम दिवस का आयोजन प्राथमिक विद्यालय सोनिया, दशाश्वमेध ज़ोन, वाराणसी में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका वहल के नेतृत्व में किया गया।






कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. प्रियंका वहल एवं डॉ. ऋचा गुप्ता ने विद्यालय के बच्चों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने बच्चों के साथ आत्मीय बातचीत करते हुए एनएसएस क्लैप के माध्यम से सामान्य परिचय एवं कार्यक्रम का संक्षिप्त अवलोकन प्रस्तुत किया। इसके पश्चात शिविर की मुख्य अतिथि डॉ. कल्पना सिंह , प्रोफेसर, डीएवी पीजी कॉलेज, वाराणसी, मनोविज्ञान विभाग का औपचारिक स्वागत किया गया।












इसके उपरांत सभी स्वयंसेवकों एवं उपस्थित विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से एनएसएस लक्ष्य गीत गाया तथा एनएसएस क्लैप के माध्यम से उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, महत्व एवं इसके माध्यम से व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उन्होंने यह भी बताया कि स्वयंसेवकों ने एनएसएस से जुड़कर समाज सेवा के साथ-साथ अपने मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। साथ ही मनोविज्ञान विषय का संक्षिप्त परिचय देते हुए इसके दैनिक जीवन में महत्व को भी समझाया गया।












कार्यक्रम के दौरान सभी स्वयंसेवकों एवं बच्चों ने अल्पाहार ग्रहण किया तथा आपसी संवाद के माध्यम से आगे आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। डॉ. प्रियंका वहल एवं डॉ. ऋचा गुप्ता के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों के विभिन्न समूह बनाए गए, जिससे आगामी दिनों के कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया जा सके।

अंत में राष्ट्रगान के साथ शिविर के प्रथम दिवस के कार्यक्रम का शांतिपूर्ण समापन हुआ।
















## सात दिवसीय एनएसएस शिविर (13 मार्च – 19 मार्च 2026)
## राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाई – H)
## कार्यक्रम अधिकारी – डॉ. प्रियंका वहल
## दिनांक – 14 मार्च 2026, दिन – शनिवार

डीएवी पीजी कॉलेज, वाराणसी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई–H द्वारा आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के द्वितीय दिवस का आयोजन प्राथमिक विद्यालय सोनिया, दशाश्वमेध ज़ोन, वाराणसी में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस के लक्ष्य गीत के साथ हुई, जिससे सभी स्वयंसेवकों में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात डॉ. प्रियंका वहल एवं डॉ. ऋचा गुप्ता के निर्देशन में स्वयंसेवकों द्वारा एक छोटा वार्म-अप सत्र आयोजित किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।










इसके बाद सभी स्वयंसेवकों को छह समूहों में विभाजित किया गया और उन्हें आंगनबाड़ी केंद्र तथा प्राथमिक विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को पढ़ाने हेतु भेजा गया। स्वयंसेवकों ने बच्चों को सामान्य ज्ञान, विज्ञान तथा अन्य विषयों से संबंधित रोचक जानकारियाँ दीं तथा गतिविधि आधारित शिक्षण के माध्यम से उन्हें सीखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बच्चों और स्वयंसेवकों के बीच संवादात्मक एवं मनोरंजक वातावरण बना रहा, जिससे बच्चों ने सीखने के साथ-साथ भरपूर आनंद भी लिया।














GPS Map Camera
Varanasi, Uttar Pradesh, India
8x7w+f62, Sonia Rd, Maulvibagh, Sigra, Varanasi,
Uttar Pradesh 221002, India
Lat 25.313666° Long 82.995526°
Saturday, 14/03/2026 11:00 AM GMT +05:30
Google




MONDAY
WEDNESDAY
FRIDAY
GPS Map Camera
Varanasi, Uttar Pradesh, India
8x7w+c5h, Sonia Rd, Maulvibagh, Sigra, Varanasi,
Uttar Pradesh 221002, India
Lat 25.313515° Long 82.995511°
Saturday, 14/03/2026 11:32 AM GMT +05:30
Google


वाहन




GPS Map Camera
वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत
D-62/173, मौल्विबघ, सिगरा, वाराणसी, उत्तर प्रदेश
221002, भारत
Lat 25.313307° Long 82.995396°
शनिवार, 14/03/2026 11:07 AM GMT +05:30
Google







इसके बाद एक निवेश एवं जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्री विंध्य नारायण सिंह (President, BNI तथा Founder – Kavach) उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को धन की बचत और निवेश के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही वर्ष 2002 से अपने एलआईसी व्यवसाय के अनुभवों को साझा करते हुए वित्तीय योजना की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त आरिफ अहमद (Secretary, BNI) ने विद्यार्थियों को जीएसटी एवं आयकर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। यह सत्र अत्यंत संवादात्मक एवं ज्ञानवर्धक रहा।






सत्र के उपरांत सभी स्वयंसेवकों ने भोजन ग्रहण किया। इसके बाद विद्यार्थियों के एक समूह द्वारा विभिन्न समूहगत गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।


















अंत में राष्ट्रगान के साथ एनएसएस शिविर के द्वितीय दिवस के कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

राष्ट्रीय सेवा योजना
UNIT - H
नियमित/विशेष शिविर
डी.ए.वी. पीजी कॉलेज
(काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी)

कार्यक्रम अधिकारी
डॉ. प्रियंका वहल

कार्यक्रम समन्वयक
डॉ. स्वप्ना मीना

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर (13 मार्च – 19 मार्च 2026)
# राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाई – H)
# कार्यक्रम अधिकारी – डॉ. प्रियंका वहल
# दिनांक – 15 मार्च 2026, दिन – रविवार

डीएवी पीजी कॉलेज, वाराणसी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई–H द्वारा आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तृतीय दिवस का आयोजन गांधी नगर पार्क, सिगरा, वाराणसी में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक रूप से एनएसएस लक्ष्य गीत गाकर किया गया, जिससे पूरे वातावरण में ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका वहल एवं डॉ. ऋचा गुप्ता के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों के लिए एक वार्म-अप सत्र आयोजित किया गया।












इसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों के विभिन्न समूहों द्वारा एक रोचक गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और आपसी सहयोग तथा नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया।











गतिविधि के उपरांत सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से भोजन ग्रहण किया।


भोजन के बाद समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से गांधी नगर पार्क से शहीद उद्यान, नगर निगम, वाराणसी तक एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने विभिन्न सामाजिक संदेशों से जुड़े नारे लगाकर आम जनता को जागरूक करने का प्रयास किया।


















रैली के समापन के पश्चात सभी स्वयंसेवकों को आठ समूहों में विभाजित किया गया तथा प्रत्येक समूह द्वारा आसपास के छोटे दुकानदारों के बीच एक सर्वेक्षण किया गया। इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में छोटे दुकानदारों के व्यापार की स्थिति, उनकी समस्याओं तथा डिजिटल भुगतान और ऑनलाइन व्यापार के बढ़ते प्रभाव को समझना था। स्वयंसेवकों ने जूस की दुकान, चाय की दुकान, किराना दुकान, दवा की दुकान आदि विभिन्न छोटे व्यापारियों से संवाद कर उनके अनुभव, चुनौतियों तथा सरकारी योजनाओं और डिजिटल सुविधाओं के उपयोग के बारे में जानकारी प्राप्त की।



















































अंत में सभी स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रगान गाकर तृतीय दिवस के कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना
UNIT - H
नियमित/विशेष शिविर
डी.ए.वी. पीजी कॉलेज
(काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी)

कार्यक्रम अधिकारी
डॉ. प्रियंका वहल

कार्यक्रम समन्वयक
डॉ. स्वप्ना मीना

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर (13 मार्च – 19 मार्च 2026)
# राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाई – H)
# कार्यक्रम अधिकारी – डॉ. प्रियंका वहल
# दिनांक – 16 मार्च 2026, दिन – सोमवार

डीएवी पीजी कॉलेज, वाराणसी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई–H द्वारा आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिवस का आयोजन श्री रामकृष्ण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सिद्धगिरीबाग, वाराणसी में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत एनएसएस के लक्ष्य गीत के साथ हुई। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने एनएसएस क्लैप के साथ हल्का वार्म-अप किया, जो कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रियंका वहल एवं डॉ. ऋचा गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।













इसके बाद योग एवं ध्यान का एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसे योग साधना अकादमी की संस्थापक तुलसी तिवारी एवं गरिमा तिवारी द्वारा संचालित किया गया। उन्होंने स्वयंसेवकों को योग के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा विभिन्न प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। ध्यान के दौरान एक विशेष भावनात्मक मेडिटेशन भी कराया गया, जिसमें स्वयंसेवकों को अपने जीवन के उन लोगों को स्मरण करने के लिए कहा गया जिनसे कभी अनजाने में कोई गलती हुई हो, जिनका दिल दुखाया हो या जिनसे क्षमा मांगनी हो। इस ध्यान के माध्यम से स्वयंसेवकों ने मन से उन लोगों से क्षमा याचना की और सकारात्मक भावनाओं के साथ स्वयं को हल्का और शांत महसूस किया। अंत में इस विशेष ध्यान प्रक्रिया के साथ यह सत्र संपन्न हुआ, जिसने सभी स्वयंसेवकों को मानसिक शांति और नई ऊर्जा प्रदान की।










योग एवं ध्यान सत्र के पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने भोजन ग्रहण किया।

इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा समूह गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसे दो भागों में विभाजित किया गया। पहला भाग राष्ट्रीय टीकाकरण जागरूकता पर आधारित था, क्योंकि 16 मार्च को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस गतिविधि का संचालन श्राबोनी भट्टाचार्या द्वारा किया गया, जिसमें टीम के अन्य सदस्य सिमरन कुमारी, शिवानी सिंह, आराध्या चतुर्वेदी, श्रुति सिंह तथा श्रेया वर्मन शामिल थीं।

इस गतिविधि के माध्यम से स्वयंसेवकों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया, विशेष रूप से नवजात शिशुओं के लिए इसके महत्व को समझाया गया। इसे केवल भाषण के रूप में न प्रस्तुत कर एक रोचक समूह गतिविधि के रूप में दर्शाया गया। इसमें कुछ स्वयंसेवकों को विभिन्न वायरस की भूमिका दी गई तथा अन्य स्वयंसेवकों को उन वायरस से बचाने वाले टीकों की भूमिका दी गई। एक स्वयंसेवक को शिशु के रूप में प्रस्तुत किया गया और यह दर्शाया गया कि यदि समय पर टीकाकरण किया जाए तो शिशु को विभिन्न बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सकता है। इस गतिविधि के माध्यम से सभी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और टीकाकरण के महत्व को समझा।



















इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न समूह खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रियंका वहल एवं डॉ. ऋचा गुप्ता भी सम्मिलित हुईं। सभी स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया।













अंत में सभी स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रगान गाकर चौथे दिवस के कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना

UNIT - H

## नियमित/विशेष शिविर

**डी.ए.वी. पीजी कॉलेज**

**(काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी)**

| | |
|---|---|
| कार्यक्रम अधिकारी<br>डॉ. प्रियंका वहल | कार्यक्रम समन्वयक<br>डॉ. स्वप्ना मीना |

**सात दिवसीय एनएसएस शिविर (13 मार्च – 19 मार्च 2026)**
**राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाई – H)**
**कार्यक्रम अधिकारी – डॉ. प्रियंका वहल**
**दिनांक – 17 मार्च 2026, दिन – मंगलवार**

डीएवी पीजी कॉलेज, वाराणसी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई–H द्वारा आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पंचम दिवस का आयोजन श्री रामकृष्ण इंटर कॉलेज, सिद्धगिरीबाग, वाराणसी में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ हुआ। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने एनएसएस क्लैप के माध्यम से हल्का वार्म-अप किया, जो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका वहल एवं डॉ. ऋचा गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।






कार्यक्रम के अगले चरण में डीएवी पीजी कॉलेज, वाराणसी के वाणिज्य विभाग के सहायक प्रोफेसर शांतनु सर  अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उनका स्वागत डॉ. प्रियंका वहल एवं डॉ. ऋचा गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों एवं स्वयंसेवकों से संवाद स्थापित करते हुए शिक्षा, अनुशासन एवं व्यक्तित्व विकास के महत्व पर प्रकाश डाला।










इसके उपरांत Abeer एवं उनकी टीम द्वारा सभी स्वयंसेवकों को ग्रूमिंग से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ दी गईं। उन्होंने दैनिक जीवन में व्यक्तित्व को प्रभावशाली बनाने, साफ-सुथरे एवं आत्मविश्वासपूर्ण रूप में प्रस्तुत होने के तरीकों तथा सकारात्मक सोच के महत्व को समझाया। इस सत्र के माध्यम से स्वयंसेवकों को प्रेरणा मिली कि अच्छा व्यक्तित्व व्यक्ति के आत्मविश्वास एवं सामाजिक प्रभाव को बढ़ाता है।












कार्यक्रम के दौरान सभी स्वयंसेवकों एवं बच्चों ने अल्पाहार ग्रहण किया। इसके पश्चात शिविर स्थल के प्रधानाचार्य महोदय ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों एवं समाज सेवा में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया तथा सभी को प्रेरणादायक संबोधन दिया।

प्रधानाचार्य महोदय का स्वागत इकाई–H के स्वयंसेवक गौरव पांडेय द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्रोबोनी भट्टाचार्य द्वारा प्रस्तुत किया गया।












कार्यक्रम के अंतर्गत शची एवं उनकी टीम द्वारा एक रोचक टीम-बिल्डिंग खेल “बेटाटिन गेम” का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों को तीन-तीन के समूह में विभाजित किया गया तथा पाँच बोतलों के माध्यम से प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधि कराई गई। इस खेल के माध्यम से सहयोग, सतर्कता एवं टीम भावना को प्रोत्साहित किया गया।

अंत में राष्ट्रगान के साथ शिविर के पंचम दिवस के कार्यक्रम का शांतिपूर्ण समापन हुआ।












**सात दिवसीय एनएसएस शिविर (13 मार्च – 19 मार्च 2026)**
**राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाई – H)**
**कार्यक्रम अधिकारी – डॉ. प्रियंका वहल**
**दिनांक – 18 मार्च 2026, दिन – बुधवार**

डीएवी पीजी कॉलेज, वाराणसी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई–H द्वारा आयोजित सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के षष्ठम दिवस का आयोजन डीएवी पीजी कॉलेज , वाराणसी में उत्साहपूर्वक किया गया। आज का कार्यक्रम मुख्य रूप से महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक संवेदनशीलता विषय पर केंद्रित रहा।






कार्यक्रम की शुरुआत  विभिन्न छात्राओं द्वारा भारत एवं विश्व की प्रेरणादायक महिलाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए उनके जीवन, संघर्ष एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। इस गतिविधि के माध्यम से उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को महिलाओं की सामाजिक, शैक्षणिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक किया गया।










आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना एवं उद्यमी कृपा रवि तथा पद्मश्री से सम्मानित मंगला कपूर रहीं। दोनों अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रियंका वहल एवं प्रो. रिचा गुप्ता द्वारा किया गया। मंगला कपूर ने अपने प्रेरणादायक जीवन–सफर को साझा करते हुए सभी छात्राओं एवं स्वयंसेवकों को आत्मनिर्भरता एवं दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं कृपा रवि ने अपनी मनमोहक भरतनाट्यम प्रस्तुति से कार्यक्रम को सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की तथा विद्यार्थियों के साथ एक संवादात्मक सत्र आयोजित कर कला, आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास के महत्व पर प्रकाश डाला।









इसी क्रम में आज स्वयंसेवकों द्वारा गांधीनगर, नरिया स्थित मलिन बस्ती में जन-सर्वेक्षण का कार्य भी किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने वहाँ के निवासियों से संवाद स्थापित कर उनकी दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं एवं चुनौतियों को समझने का प्रयास किया। विशेष रूप से बस्ती के छोटे बच्चों के साथ बिताए गए क्षणों ने सभी स्वयंसेवकों के मन को भावुक एवं संवेदनशील बना दिया। अल्प समय के संवाद में ही बच्चों के साथ आत्मीयता एवं अपनापन का भाव विकसित हुआ, जिसने समाज सेवा के संकल्प को और अधिक दृढ़ किया।

इस प्रकार पूरे दिन के कार्यक्रमों के माध्यम से स्वयंसेवकों में सामाजिक उत्तरदायित्व, सहानुभूति एवं सेवा भावना को सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया।






राष्ट्रीय सेवा योजना

UNIT - H

**नियमित/विशेष शिविर**

डी.ए.वी. पीजी कॉलेज

(काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी)

कार्यक्रम अधिकारी
डॉ. प्रियंका वहल

कार्यक्रम समन्वयक
डॉ. स्वप्ना मीना

**सात दिवसीय एनएसएस शिविर (13 मार्च – 19 मार्च 2026)**
**राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाई – H)**
**कार्यक्रम अधिकारी – डॉ. प्रियंका वहल**
**दिनांक – 19 मार्च 2026, दिन – गुरुवार**

डीएवी पीजी कॉलेज, वाराणसी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई–H द्वारा आयोजित सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के सप्तम एवं अंतिम दिवस का आयोजन उत्साह एवं भावनात्मक वातावरण के साथ संपन्न हुआ। आज का कार्यक्रम बीट डांस स्टूडियो, वाराणसी में आयोजित किया गया।






कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस लक्ष्य गीत एवं एनएसएस ताल के साथ हुई, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों के लिए ज़ुम्बा सत्र आयोजित किया गया, जिसमें सभी ने पूरे जोश एवं ऊर्जा के साथ सहभागिता निभाई। यह सत्र न केवल मनोरंजक रहा, बल्कि शारीरिक एवं मानसिक ताजगी प्रदान करने वाला भी था।












इसके उपरांत सभी स्वयंसेवक धर्मसंघ, दुर्गाकुंड पहुँचे, जहाँ विभिन्न समूह गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों में टीम भावना, सहयोग एवं समन्वय को प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान एक रोचक खेल का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम का आनंद लिया।

कार्यक्रम के अगले चरण में श्रोबोनी एवं उनकी टीम द्वारा “Break the Silence” शीर्षक से एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसका विषय “चुप्पी की कीमत” था। इस नाटक के माध्यम से समाज में व्याप्त समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया, जिसे सभी ने सराहा।









इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका वहल एवं डॉ. रिचा गुप्ता द्वारा पिछले वर्ष एवं इस वर्ष के “Most Active Volunteer” को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह क्षण सभी स्वयंसेवकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं गर्व का विषय रहा।

अंत में राष्ट्रगान के साथ सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन हुआ। यह शिविर सभी स्वयंसेवकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा, जिसमें उन्होंने समाज सेवा, अनुशासन, नेतृत्व एवं सहयोग की भावना को न केवल सीखा, बल्कि उसे व्यवहार में भी उतारा।

